तापमान
अधिकतम 25.7 डिग्री
न्यूनतम 5.7 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 16 दिसंबर 2025

12 निगम चुनावः एडहॉक कमेटी को लेकर डीसी-नगर...




12 विद्यार्थियों ने शानदार प्रस्तुतियों से लूटी वाहवाही



## कर्मयोगी चौधरी मित्रसेन आर्य की 95वीं जयंती पर हरिभूमि कुरुक्षेत्र कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित



कुरुक्षेत्र। सुप्रसिद्ध आर्य समाजी रहे चौ. मित्रसेन आर्य की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित करते गणमान्य लोग।

# सादगी के साथ-साथ ईमानदारी की भी मिसाल थे चौधरी मित्रसेन आर्य : आरडी गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

सुप्रसिद्ध आर्य समाजी रहे चौ. मित्रसेन आर्य की 95वी जयंती अत्याधिक धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जिला कार्यालय में अनेक गणमान्य नागरिकों ने चौ. मित्रसेन आर्य के चित्र पर पुष्प मालाएं अर्पित कर उन्हें नमन किया।

नमन करने वालों में स्वतंत्रता सेनानी परिवार के वरिष्ठ सदस्य आरडी गोयल, गुलशन गुलाटी, राकेश गाबा, राधा कृष्ण अरोड़ा, सुधीर कुमार, मनमोहन सिंह व तरुण वधवा शामिल रहे। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी परिवार के वरिष्ठ सदस्य आरडी गोयल ने कहा कि गरीब परिवार में जन्में चौ. मित्रसेन आर्य के जीवन से हमें

### चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

सीख लेनी चाहिए ताकि हम भी मित्रसेन आर्य की तरह ईमानदारी से मेहनत करते हुए अत्यंत उच्च मुकाम तक पहुंच सके। चौ. मित्रसेन आर्य सादगी के साथ-साथ ईमानदारी की भी एक बहुत बड़ी मिसाल थे। इतना ही नहीं उन्होंने अपनी मेहनत के बल पर एक सफल उद्योगपति का दर्जा भी प्राप्त किया। उन्होंने अपनी मेहनत के बल पर वर्ष 1965 में उड़ीसा प्रांत के जिला क्योंझर में सिंधु इंजीनियरिंग वर्कस के नाम से एक बहुत बड़ा कारखाना लगाकर अन्य लोगों को मेहनत करना भी सिखाया। चौ. मित्रसेन आर्य ने सामाजिक क्षेत्र में भी बढ़ चढ़कर समाजसेवा की। वे व्यवहारिक जीवन से जुड़े हुए व्यक्ति थे। वे वर्ष 1957 में चौ. मित्रसेन आर्य समाज की अध्यक्षता में हिन्दी आर्य सत्याग्रह आंदोलन करते हुए अन्य सत्याग्रहियों के साथ जेल भी गए। गुलशन गुलाटी व राकेश गाबा ने बताया कि चौ. मित्रसेन आर्य ने गुरुकुल में निर्धन बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दिलाने में अहम योगदान दिया। चौ. मित्रसेन ने अपनी उदारवादिता से न जाने कितने गुरुकुल, शिक्षण संस्थानस, न्यास, गऊशालाएं, कन्या छात्रावास, योग के प्राकृतिक चिकित्सालय व अनाथालयों की स्थापना कर इस प्रदेश व देश के गरीब बच्चों व अन्य लोगों को शिक्षित करने के साथ-साथ समाजसेवा के नए-नए गुर सीखाएं।

### निर्धन बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दिलाने में दिया अहम योगदान

समाजसेवी सुधीर कुमार व राधा कृष्ण अरोड़ा ने सुप्रसिद्ध समाजसेवी चौ. मित्रसेन आर्य के जीवन पर विस्तृत चर्चा करते हुए उनके पद चिह्नों पर चलने का आग्रह किया। उन्होंने गुरुकुल में निर्धन बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दिलाने में अहम योगदान दिया। चौ. मित्रसेन ने अपनी उदारवादिता से न जाने कितने गुरुकुल, शिक्षण संस्थानस, न्यास, गऊशालाएं, कन्या छात्रावास, योग के प्राकृतिक चिकित्सालय व अनाथालयों की स्थापना कर इस प्रदेश व देश के गरीब बच्चों व अन्य लोगों को शिक्षित करने के साथ-साथ समाजसेवा के नए-नए गुर सीखाएं।

## खबर संक्षेप

### बराड़ा क्षेत्र में हेरोइन सहित तस्कर पकड़ा

**अंबाला।** थाना बराड़ा क्षेत्र के बस अड्डा गांव जलूबी से नशा तस्करी मामले में सीआईए-नारायणगढ़ ने आरोपी साहिन जमाल को 15 ग्राम 14 मिलिग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी को चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। सीआईए-नारायणगढ़ को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। सूचना उपरांत पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपियों को काबू किया। विधिपूर्वक तलाशी लेने पर पर उससे 15 ग्राम 14 मिलिग्राम हेरोइन बरामद की।

### पानीपत में चोर से तीन मोटरसाइकिलें बरामद

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने रविवार शाम को काला आंबा मोड़ पर बाइक चोरी करने वाले शातिर चोर खालिद पुत्र राफा निवासी विद्यानंद कॉलोनी, पानीपत को गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि पुलिस ने आरोपी से चोरी की गई तीन बाइक बरामद की है। वहीं, बाइक चोरी की वारदात बारे थाना तहसील कैंप में भगत नगर तहसील कैंप निवासी रमेश चंद्र पुत्र जगदीश की शिकायत पर केस दर्ज है।



### बिजली का करंट लगने से युवती की मौत

पानीपत। पानीपत के गांव नौल्था में फ्रिज साफ करते समय बिजली का करंट लगने से 24 वर्षीय युवती नीलम पुत्री प्रदीप की मौत हो गई। वहीं, नीलम घर की साफ-सफाई कर रही थी। इसी दौरान उसने घर में रखे फ्रिज को साफ करना शुरू किया। फ्रिज खोलकर अंदर सफाई करते ही उसे अचानक बिजली का तेज करंट लगा और वह अचेत हो गई। परिजनों ने तुरंत नीलम को एनसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे पानीपत के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां 14 दिसंबर की शाम इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

# खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में कुरुक्षेत्र विवि का शानदार प्रदर्शन

## 232 विश्वविद्यालयों के बीच प्राप्त किया 13वां स्थान, 17 पदक जीत बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए देशभर की 232 विश्वविद्यालयों की कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच 13वाँ स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानी जा रही है। इस शानदार प्रदर्शन पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय खिलाड़ियों को सभी मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ आधुनिक खेल सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु नई योजनाएँ लागू करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन प्रयासों से खिलाड़ियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी तथा उनकी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों में निरंतर वृद्धि होगी। खेल निदेशक प्रो. दिनेश राणा ने जानकारी देते हुए कहा कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में इस वर्ष कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की सहभागिता अत्यंत सफल, सुव्यवस्थित एवं प्रेरणादायक रही।

कुलपति प्रो. सोमनाथ ने विजेताओं को दी बधाई



कुरुक्षेत्र। पदक प्राप्त करता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### विवि के 126 खिलाड़ियों ने भाग लिया

इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के 126 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनमें से 75 खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत स्पधार्ओं में सहभागिता की, जबकि वॉलीबॉल (पुरुष एवं महिला), बास्केटबॉल (महिला) एवं कबड्डी (महिला) टीमों ने टीम स्पधार्ओं में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने बताया कि देशभर के 4448 खिलाड़ियों द्वारा 23 खेलों में हुई कड़ी प्रतिस्पर्धा के दौरान कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 17 पदक (3 स्वर्ण, 7 रजत एवं 7 कांस्य) अर्जित किए। उल्लेखनीय है कि पिछले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में विश्वविद्यालय ने 14वाँ स्थान प्राप्त किया था, जबकि इस वर्ष एक स्थान की छलांग लगाते हुए 13वाँ स्थान हासिल किया गया, जो विश्वविद्यालय की निरंतर प्रगति को दशार्ता है।

- *यूनिवर्सिटी के दल का नेतृत्व यूनिवर्सिटी कंटीजेंट मैनेजर एवं अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग कोच राजेश कुमार राजौंद ने किया*
- *उनके साथ विभिन्न खेलों के 25 प्रशिक्षक खिलाड़ियों के साथ भेजे गए*

### पूरे दल के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

यूनिवर्सिटी की ओर से पूरे दल का नेतृत्व यूनिवर्सिटी कंटीजेंट मैनेजर एवं अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सिंग कोच राजेश कुमार राजौंद ने किया। उनके साथ विभिन्न खेलों के 25 अनुभवी प्रशिक्षक भी खिलाड़ियों के साथ भेजे गए, जिनके मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि यदि खिलाड़ियों को उचित दिशा-निर्देशन, सकारात्मक खेल-शैक्षणिक वातावरण और आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए जाएँ, तो वे राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट परिणाम दे सकते हैं। इस वर्ष की सफलता ने यह विश्वास और मजबूत किया है कि आने वाले समय में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय देश के शीर्ष पांच प्रदर्शनकारी विश्वविद्यालयों में अपना स्थान सुनिश्चित कर सकता है।

### चोरी की तीन बाइक व एक एक्टिवा बरामद

## बाइक चोरी कर स्नेचिंग करने वाले गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा वन की टीम ने बाइक चोरी करके स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम देने के गिरोह का पदार्फाश किया है। टीम ने गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर उनसे चोरी की तीन बाइक व एक एक्टिवा बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने स्नेचिंग की चार वारदातों का खुलासा किया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। उप पुलिस अधीक्षक रजत गुलिया ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने जिला यमुनानगर में हो रही मोटरसाईकिल चोरी एंव स्नेचिंग की वारदातों पर अकुंश लगाने के लिये जिला पुलिस को सख्त दिशा निर्देश दिये हैं। जिसमें कार्रवाई करते हुये जिला अपराध अन्वेषण शाखा के प्रभारी राज कुमार ने एएसआई आजाद सिंह, मुख्य सिपाही मनीष

### स्नेचिंग की चार वारदातों का किया खुलासा

कुमार, कुलदीप सिंह, बृजपाल, विजय की टीम का गठन किया। टीम ने कार्रवाई करते हुए रविवार को चोरी की मोटरसाईकिल सहित तीन स्नैचरों को काबू किया है। जिनकी पहचान गांव सबलपुर माजरी निवासी अर्जुन, गांव जमालपुर निवासी अंकित तथा गांव कलावड निवासी तिलक उर्फ शैकीं के रूप में हुई है। इस गिरोह से अभी तक चोरी की तीन मोटरसाईकिल व एक स्कूटी बरामद हो चुकी है। पूछताछ में आरोपियों ने बतलाया कि ये पहले मिलकर मोटरसाईकिल चोरी करते है और फिर उसी मोटरसाईकिल पर सवार होकर छीना-छपटी की वारदातों को अजांम देते हैं। गिरोह ने अभी तक चार स्नैचिंग की वारदात करनी कबूल की हैं। आरोपियों को अदालत में पेश किया गया।

### पुलिस ने दर्ज किया केस

## अंबाला में सफाई कर्मचारी से 14 लाख की धोखाधड़ी

**अंबाला।** नगर परिषद के सफाई कर्मचारी को ब्याज पर पैसे देकर 14 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि तीन आरोपियों ने ब्याज पर पैसे देने के बाद एटीएम ले लिया। पैसे पूरे होने के बाद भी निकालते रहे। पड़ाव थाना पुलिस ने आरोपी साहिल, दीपक व बाबू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पड़ाव थाना पुलिस को दी शिकायत में विनोद कुमार ने बताया कि वह नगर परिषद अंबाला कैंट में बतौर सफाई कर्मचारी कार्यरत है। साहिल व दीपक भी नगर परिषद में कर्मचारी हैं जो उपरोक्त साहिल, दीपक व बाबू तीनों से बिना लाइसेंस के ब्याज पर पैसा देने का कार्य करते हैं। फरवरी 2015 में बाबू ने कहा कि वह दीपक व साहिल के साथ मिलकर ब्याज पर पैसे देने का काम करते हैं। उसने दीपक व साहिल के जरिए किसी से सिफारिश करवाकर सरकार से इस बारे में लाइसेंस भी ले लिया है। यह भी कहा कि सरकार की नीतियों के अनुसार बहुत कम ब्याज पर पैसे उधार देगा। 2015 फरवरी में उसे पैसे की आवश्यकता थी तो 50 हजार रुपये उधार लिए। जब बाबू ने उसे 2 प्रतिशत प्रतिमाह ब्याज देने की बात की। इसके साथ ही उसका एटीएम ले लिया और कहा कि उसके खाते से 5 हजार रुपये निकाल लेगा। पैसा पूरा देने पर वह उसका एटीएम वापस कर देगा।

### पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया केस

## वर्क परमिट के नाम पर हड़पे पांच लाख रुपये

**यमुनानगर।** विदेश भेजने का झांसा देकर गांव साबापुर निवासी दिपांशु से पांच लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप जिला कुरुक्षेत्र के लाडवा निवासी प्रमोद कुमार कंबोज पर लगा है। पुलिस को दी शिकायत में गांव साबापुर निवासी दिपांशु ने बताया कि वह वकालत की पढ़ाई कर रहा है और ऑस्ट्रेलिया जाना चाहता था। जुलाई 2023 में उसकी मुलाकात जगाधरी में प्रमोद कुमार कंबोज से हुई। आरोपी ने खुद को कान्हा कंसल्टेंसी का मालिक बताते हुए वर्क परमिट पर ऑस्ट्रेलिया भेजने की बात कही और 15 लाख की मांग की। आरोपी ने पहले पांच लाख लेने और तीन महीने में वीजा लगवाने का भरोसा दिया। 15 अगस्त 2023 को उसने और उसके पिता ने दो लाख नकद और तीन लाख बैंक के जरिए दिए। आरोपी वीजा लगवाने के नाम पर टालमटोल करता रहा। जब दिपांशु ने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने दस्तावेज लौटा दिए, रुपये देने से इनकार कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। छह अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी थी। थाना सदर यमुनानगर में आरोपी पर केस दर्ज कर लिया गया है।

## मुख्यमंत्री नायब सैनी ने साखी वाचन के लिए हिमांशी को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** प्रदेश सरकार की तरफ से वीर बाल दिवस के उपलक्ष में साखी वाचन के लिए प्रदेश की 3 छात्राओं को मुख्यमंत्री आवास पर आमंत्रित किया गया। यहां पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राजकीय गर्ल्स सीनियर सैंकडरी स्कूल पिहोवा की छात्रा हिमांशी को सम्मानित किया। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने कहा कि वीर बाल दिवस को लेकर प्रदेश सरकार के आदेशानुसार साखी वाचन और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन शिक्षा विभाग की तरफ से किया जा रहा है। इस जिले में राजकीय स्कूल पिहोवा की हिमांशी को 12 दिसंबर 2025 को सीएम आवास चंडीगढ पर आमंत्रित किया गया। इस छात्रा के साथ-साथ अंबाला और पंचकुला से भी छात्राओं को बुलाया गया। इनमें से 3 छात्राओं का चयन फाइनल के लिए हुआ। उन्होंने कहा कि साखी वाचन में राजकीय स्कूल की छात्रा शिवानी ने मुख्यमंत्री के समक्ष साक्षी का वाचन किया। सभी ने साखी वाचन की प्रशंसा की है। इस छात्रा को पीजीटी शिक्षिका स्वेता शर्मा और बीईओ रमेश कुमार ने साखी वाचन के लिए तैयार किया है।



### शहजादपुर में कार सवारों ने जमकर मचाया उत्पात

## बनौंदी टोल प्लाजा पर कर्मचारियों से मारपीट कर 1.80 लाख रुपये लूटे

**शहजादपुर।** बदमाशों ने बनौंदी के टोल प्लाजा पर जमकर लूट मचाई। टोल काटने को लेकर पहले कर्मियों से मारपीट की। फिर 1.80 लाख लूट कर ले गए। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बनौंदी के टोल प्लाजा पर रविवार रात एक बजे बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। हथियारों से लैस दो कार सवार बदमाशों ने पहले टोल काटने को लेकर कर्मचारियों से मारपीट की और फिर टोल प्लाजा में रखे 3 सैंसर, कमरे के शीशे, फर्नीचर, कंप्यूटर व अन्य सामान तोड़ दिया। टोल संचालक का आरोप है कि बदमाश जाते हुए टोल से 1.80 लाख नकदी भी लूटकर भाग गए। वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। लूटपाट में करीब आठ लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

### आरोपियों को जल्द काबू करेंगेः शहजादपुर थाना प्रभारी

पुलिस ने टोल संचालक पानीपत के देवेंद्र सिंह की शिकायत पर हमलावर नारायणगढ़ के अंकुश, आकाश, हैप्पी सैनी पर लोक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के एक्ट व बीएनएस में दंगा करने की धारा 191(3) व मारपीट की धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। देवेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि वह और संजीव कुमार दोनों संचालक हैं। रात एक बजे कर्मचारी हर रोज की तरह ड्यूटी बनौंदी टोल प्लाजा पर थे। अचानक दो से तीन गाड़ियां भरकर कुछ लोग टोल पपर आ गए। जब कर्मचारी ने टोल फीस मांगी तो बहस करने लगे। देखते ही कार से हथियारों से लैस युवक कर्मचारी से मारपीट करने लगते हैं। कर्मचारी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगते हैं तो बदमाश फिर भी पीछा नहीं छोड़ते। पुलिस के मुताबिक जल्द आरोपियों को काबू कर लिया जाएगा। शहजादपुर थाना प्रभारी अशोक ने बताया कि अभी नकदी लूट के आरोपों की जांच चल रही है। जल्द ही ये आरोप भी साफ हो जाएंगे।

- **सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात**

### कर्मियों ने मानी गई मांगे लागू नहीं करने का जताया विरोध

हरियाणा परिवहन निगम व प्रदेश सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

## यमुनानगर में हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन से जुड़े कर्मचारियों ने की एक दिवसीय भूख हड़ताल

**यमुनानगर।** हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन (संबंधित सर्व कर्मचारी संघ) से जुड़े यमुनागर बस डिपो के कर्मचारियों ने सोमवार को मांगे पूरी नहीं किए जाने के विरोध में एक दिवसीय भूख हड़ताल की। यूनियन के दर्जन भर सदस्यों को फूलमालाएं पहनाकर भूख हड़ताल पर बिठाया गया। मौके पर रोड़वेज कर्मचारियों ने परिवहन विभाग व सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रोष जताया। सोमवार सुबह हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन से जुड़े कर्मचारी प्रधान महिपाल सौदे व सचिव राजेश कांबोज के नेतृत्व में डिपो परिसर में पहुंच गए और धरना पर बैठ गए।

### सरकार व परिवहन विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ कई दौर की बातचीत की गई थी

यूनियन के प्रधान महिपाल सौदे ने कहा कि हरियाणा सरकार व परिवहन विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ कई दौर कि बातचीत की गई थी। जिसमें कई मांगो को मान लिया गया था। मगर अभी तक उन मांगो को पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि रोड़वेज कर्मचारियों की भत्तों में बढ़ोतरी की मांग को सरकार द्वारा मान लिया गया था। मगर बढ़ोतरी की बजाए उल्टा 200 रुपये वॉशिंग एलाउंस काट लिया गया है। जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। प्रधान महिपाल सौदे ने सरकार से नई तबादला नीति को रद्द कर चालक परिचालकों का आपसी स्थानांतरण किए जाने, रोड़वेज कर्मचारियों को अपने गृह जिले में भेजे जाने, सभी रिक्त पड़े पदों को भरे जाने की मांग की।




उन्होंने बताया कि गत 22 मई को परिवहन विभाग के महानिदेशक के साथ हुई बातचीत में जिन मांगों पर सहमति बनी थी उनमें परिचालकों का पे ग्रेड बढ़ाने, चालक व परिचालकों को एक माह में 30 रात्रि ठहराव के भुगतान की पावर महाप्रबंधकों को दिए जाने, 2004 से पहले लगे चालको को नियुक्ति तिथि से पक्का करने व पुरानी पेंशन योजना में शामिल करने, चालक, परिचालक, निरीक्षक, उपनिरीक्षक व कर्मशाला के कर्मचारियों को मिले वाले देय अर्जित अवकाश पूर्व की भांति एक वर्ष में 33 अवकाश देने व कर्मशाला में ग्रुप डी के कर्मचारियों को कॉमन कैडर से बाहर करने और तकनीकी वेतनमान देकर सभी पदों पर पदोन्नति का लाभ देने, 2008 के भर्ती परिचालकों को उपनिरीक्षक के पदों पर पदोन्नति किए जाने समेत अन्य मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया गया था। मगर अभी तक उनकी मांगो को पूरा नहीं किया गया है। जिससे रोड़वेज कर्मचारियों में भारी रोष है। यदि परिवहन विभाग ने उनकी मानी हुई मांगे जल्द लागू नहीं की तो वह बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। इस अवसर पर गुलशन भारद्वाज, मांगे राम तिगरा, पपला, सुरिंदर काला, प्रेम प्रकाश, सतीश, राजबीर व मेवा राम आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### चोरों ने लाखों रुपये के आभूषण चोरी किए

**यमुनानगर।** जिले में घर को निशाना बनाकर लाखों रुपये के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने दोनों मामले की जांच के बाद चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव नाहरपुर निवासी कोमल ने जठलाना पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह आठ दिसंबर को सुबह घर का काम खत्म करके किसी काम से बाहर गई थी। जब वह वापस लौटी तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर उसके बैग से सोने का सेट, चार सोने के कड़े, दो सोने की अंगूठियां, एक टिक्का, एक नाथ टिक्का, चांदी की चेन, चांदी का सेट चोरी करके ले गए। जिसकी कीमत करीब एक लाख 72 हजार रुपए है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### चोरों ने सूने घर को बनाया निशाना

**यमुनानगर।** साढ़ौरा में चोरों ने घर को निशाना बनाया और आभूषण और नकदी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया। साढ़ौरा निवासी रजनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चोरों ने 13 दिसंबर की रात को उसके घर से 13 हजार रुपए की नगदी, सोने की चेन, चुटकियां, मंगलसूत्र तथा अन्य आभूषण चोरी कर लिए। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। सर्दी बढ़ते ही चोरी के मामले भी बढ़ने लगे।

### रबी फसलों का बीमा अवश्य करवाएं: डीसी

**यमुनानगर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के अंतर्गत रबी मौसम 2025-26 के लिए फसलों का बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई है। किसान इस योजना का लाभ उठाएं और अपनी फसलों का बीमा अवश्य करवाएं। उक्त जानकारी जिला उपायुक्त प्रीति ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। उपायुक्त प्रीति ने जिले के किसानों को आहवान किया कि वह प्राकृतिक आपदाओं, ओलावृष्टि, अतिवृष्टि, सूखा, कीट रोग अथवा अन्य अप्रत्याशित कारणों से होने वाले फसल नुकसान से आर्थिक सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ अवश्य उठाएं। उन्होंने कहा कि यह योजना किसानों के लिए सुरक्षा कवच का कार्य करती है।

### भाकियू डीसी से करेगी रास्ता देने की मांग

**रादौर।** अंबाला शामली हाईवे पर रास्ते को लेकर भारतीय किसान यूनियन द्वारा सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाकियू जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने की। जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने बताया कि पिछले तीन महीने से अंबाला शामली हाईवे पर रास्ते की मांग को लेकर किसान यूनियन 17 दिसंबर को जिला उपायुक्त से मिलेगी। इस बैठक में भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान के साथ साथ एनएचएआई के अधिकारी व गांव पोटली के किसान व भाकियू के सदस्य भी शामिल होंगे।

# समाज कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहते थे चौ. मित्रसेन आर्य: मलिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

परम मित्र मानव निर्माण संस्थान के संस्थापक एवं प्रमुख समाजसेवी चौ. मित्रसेन आर्य का 95वीं जयंती सोमवार को शहर के मॉडल टाऊन में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। जयंती में मुख्यातिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी एवं कांट्रेक्टर मनीष मलिक ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ समाज सेवी एवं मयंक फैशन डिजाइनर संस्थान के सदस्य विशाल खत्री ने की।

जयंती

## सदियों तक किया जाएगा याद, जरूरतमंदों की भलाई के लिए किया कार्य : मनीष मलिक

### नि:स्वार्थ किया कार्य

जयंती के मौके पर मुख्यातिथि समेत अन्य अतिथियों ने चौ. मित्रसेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यातिथि मनीष मलिक ने कहा कि समाज में सदियों तक उन महापुरुषों को ही याद किया जाता है जिन्होंने अपने जीवनकाल में नि:स्वार्थ भाग से कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जो निरंतर समाज कल्याण के कार्यों में लगे रहते हैं और जरूरतमंद लोगों की भलाई के लिए कार्य करते हैं।



यमुनानगर । चौ. मित्रसेन आर्य की जयंती पर पुष्प अर्पित करते गणमान्य।

### धर्मानांतरण रोकने के लिए चलाया अभियान

जरूरतमंदों की सेवा करने वाले महापुरुषों को सदैव याद किया जाता है। ऐसे ही परम मित्र मानव निर्माण संस्थान के संस्थापक चौ. मित्रसेन सच्चे एवं ईमानदार इंसान थे। जिन्होंने अपने जीवनकाल में सदा ही लोक भलाई के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि चौ. मित्रसेन द्वारा धर्मानांतरण रोकने के लिए आर्य समाज के साथ मिलकर जोरदार अभियान चलाया और धार्मानांतरण रुकवाने में कामयाब रहे। खास बात यह थी कि वह धर्म परिवर्तन करके इसाई बनने वाले हिंदुओं को वापस लाने में कामयाब रहे। उन्हें इस पुनीत कार्य के लिए सदा याद रखा जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी विशाल खत्री ने कहा कि चौ. मित्रसेन आर्य एक साफ सुथरी छवि के पुरोधा थे।

चौ. मित्रसेन सच्चे ने जीवन में हमेशा गरीबों के उत्थान के लिए व आर्य समाज के प्रचार के लिए कार्य किया। वे गरीबों के हितैषी थे। उन्होंने गरीबों के कल्याण के लिए अपना सारा जीवन लगा दिया। मयंक फैशन डिजाइनर संस्थान के सदस्य विशाल खत्री ने कहा कि चौ. मित्रसेन के जीवन चरित्र से हम सभी को प्रेरणा लेकर समाज हित में कार्य करना चाहिए। ऐसे महान तपस्वी और स्वच्छ व्यक्तित्व को सदा-सदा याद रखा जाएगा।

**ये रहे मौजूद:** मौके पर कमल कुमर, रजनीश, शिव कुमार चुन्नी, प्रमोद कुमार, राजेश कुमार, विक्रांत उर्फ विक्की व योगेश कुमार आदि ने चौ. मित्रसेन आर्य के चित्र पर पुष्प अर्पित कर चौ. मित्रसेन को याद किया।

# स्वच्छता सर्वेक्षण: घरेलू हानिकारक कचरे को लेकर जागरूक किया

## नगर को साफ स्वच्छ रखना है हम सभी की जिम्मेदारी : महाबीर प्रसाद

स्वच्छ भारत मिशन की टीम ने पंपलेट वितरित कर लोगों को कचरा पृथक्करण की महत्ता समझाई ।



यमुनानगर। नेहरू पार्क में जागरूकता अभियान चलाते हुए नगर निगम की टीम। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में बेहतर स्थान लाने को लेकर नगर निगम द्वारा शहर के नेहरू पार्क में कचरा पृथक्करण जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें नागरिकों को कचरे के विभिन्न प्रकारों की जानकारी दी गई। स्वच्छ भारत मिशन के सलाहकार लोकेश सेन और आईईसी एक्सपर्ट दुर्गेश ने कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया।

मुख्य वक्ता एवं स्वच्छ भारत मिशन के सलाहकार लोकेश सेन ने लोगों को समझाया कि गीला कचरा जैसे सब्जियों व फलों के छिलके, बचा हुआ भोजन, चाय की पत्ती, फूल पत्तियां आदि को हरे डस्टबिन में डालना चाहिए। जिससे खाद बनाई जा सके। वहीं, सूखे कचरे में कागज, अखबार, गत्ता, प्लास्टिक बोतलें, पैकेट, कांच व धातु के डिब्बे शामिल होते हैं। जिन्हें साफ कर अलग रखने से उनका पुनर्चक्रण संभव है। उन्होंने बताया कि सैनिटरी कचरा जैसे सेनेटरी पैड, डायपर, मास्क, टिशू पेपर व बैंडेज को सामान्य कचरे में न मिलाकर कागज में लपेटकर निर्धारित डस्टबिन में ही डालें। ताकि संक्रमण से बचा जा सके। इसके साथ ही नागरिकों को घरेलू हानिकारक कचरे के प्रति भी जागरूक किया गया। जिसमें कीटनाशक, फिनाइल, एसिड, पेंट, मच्छर मारने वाली दवाइयां और खराब बैटरियां शामिल होती हैं। जो पर्यावरण व स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक होती हैं।

मौके पर आईईसी एक्सपर्ट दुर्गेश ने नागरिकों से इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रॉनिक कचरे (ई.वेस्ट) जैसे खराब मोबाइल फोन, चार्जर, बल्ब, ट्यूबलाइट, रिमोट व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को सामान्य कचरे से अलग रखने और निर्धारित संग्रह केंद्र पर देने की अपील की।

**सहयोग करें:** मौके पर स्वच्छ भारत मिशन की टीम द्वारा पंपलेट वितरित कर नागरिकों को कचरा पृथक्करण की महत्ता समझाई गई। जिस पर स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

### गीला, सूखा और अन्य कचरा अलग-अलग डालें

नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि शहर की स्वच्छता हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि हर नागरिक अपने घर और आसपास के क्षेत्र में कचरे का सही तरीके से पृथक्करण करेगा तो कचरे का निस्तारण सरल होगा। ऐसा करने से यमुनानगर जगाधरी को स्वच्छ एवं सुंदर शहर बनाने का लक्ष्य शीघ्र पूरा किया जा सकेगा। उन्होंने शहरवासियों से गीला, सूखा व अन्य कचरा अलग अलग डस्टबिन में डालें और नगर निगम के स्वच्छता अभियानों में सक्रिय सहयोग दें।

उन्होंने कहा कि यदि नागरिक घर या दुकान पर ही कचरा अलग करना शुरू करें तो कचरे का निस्तारण आसान होगा और शहर की स्वच्छता व्यवस्था के साथ साथ सुंदरता में भी उल्लेखनीय सुधार आएगा।



यमुनानगर। कस्ब रादौर के ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में विजेताओं को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल ने जीती प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

■ सुरेंद्रा क्रिकेट अकादमी ने क्रिकेट चैंपियनशिप का करवाया आयोजन

सुरेंद्रा क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में संजय गांधी स्कूल हरनौल में क्रिकेट चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर के विद्यार्थियों ने क्रिकेट चैंपियनशिप जीत कर स्कूल का नाम रोशन किया। सोमवार को स्कूल में विजेता टीम का जोरदार स्वागत किया गया।

ग्लोब हेरिटेज स्कूल के अध्यापक संजय कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में उनके स्कूल के अंडर 14 बॉयज क्रिकेट टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया है। विजेता टीम में नैतिक, हितेन, अर्शित राणाए, दविश, दिवम, हितेश, हर्षित, शौर्य, कुणाल, योजित, गुरुवंश, युवराज, हर्ष, सार्थक, अनमोल, दक्ष, मानिक, भगत राम, कनिष्क, रेहान, गर्वित व रूद्र शामिल रहे। विजेता टीम के सोमवार को स्कूल में पहुंचे पर जोरदार स्वागत किया गया। प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को बधाई दी तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

प्रधानाचार्या ने बताया कि टीम के प्रशिक्षक बच्चों को इतनी मेहनत कराने के लिए सराहना के पात्र हैं। उन्होंने इस जीत को ग्लोब हेरिटेज फैमिली की जीत बताते हुए कहा कि स्कूल में शैक्षिक अध्ध्यन के साथ बच्चों के शारीरिक विकास के लिए खेलकूद, मानसिक विकास के लिए आर्ट एवं क्राफ्ट व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर बच्चों को प्रतिभागिता हमेशा कराई जाती रहेगी।



यमुनानगर। रादौर में कांबोज धर्मशाला में बनने वाले हॉल का नारियल फोडकर शुभारंभ करते कृषि मंत्री व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# विकास कार्यों के लिए सरकार के पास नहीं है धन की कमी: राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

शहीद उधम सिंह कांबोज धर्मशाला रादौर में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व गुरुकुल कुरुक्षेत्र के वाइस चेयरमैन मास्टर सतपाल कांबोज ने करीब 20 लाख रूपये की लागत से बनने वाले हॉल के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार में विकास के काम तेज गति से चल रहे हैं। जनहित के किसी भी काम के लिए सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं है। जनता के कार्य करवाने में वह पीछे नहीं हटते हैं। रादौर विधानसभा की जनता उनके लिए पहले हैं। धर्मशाला के प्रधान वेद प्रकाश कांबोज व अमित कांबोज ने बताया कि धर्मशाला रादौर में हॉल के निर्माण के लिए सरकार से ग्रांट की मांग की गई थी। जिसे कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने मंजूर कर हॉल का शिलान्यास व नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मान सिंह आर्य, ओम प्रकाश चमरौडी, पंचायत समिति रादौर के चेयरमैन विपिन कांबोज राझेडी, पार्षद राजीव आर्य सन्नी, लक्ष्मी चन्द लक्सीबांस, शीश कुमार जुब्बल, सतीश बकाना, दयाल सिंह बकाना, महिंद्र चमरोड़ आदि मौजूद रहे।

# अलग-अलग सड़क हादसों में महिला और युवक की मौत

**यमुनानगर।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में महिला व युवक की मौत हो गई। हादसे में मृतक महिला का बेटा भी घायल हो गया। रामखेड़ी निवासी प्रदीप कुमार ने बताया कि रविवार को वह गांव देवधर में शादी समारोह में अपनी मां शीला देवी के साथ बाइक पर गया था। चार बजे वापसी में वह जब भीलपुरा पहुंचे तो वह एक ट्रक को ओवरटेक करने लगे। इस दौरान सामने से एक तेज रफ्तार कार आई। जिस कारण उसकी बाइक का बैलेंस बिगड़ गया और वे दोनों बाइक समेत सड़क पर जा गिरे। राहगीरों ने उन्हें तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाय। जहां पर डॉक्टर ने जांचकर उसकी मां को मृत घोषित कर दिया।

इधर कैलाश ने बताया कि उसकी मासी का लड़का कमालपुर टापू निवासी अजय रविवार को काम पर गया था। वापसी में कलानौर के पास उसकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। राहगीरों ने अजय को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

# शादी का झांसा देकर युवती व महिला को किया अगवा

**यमुनानगर।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर शादी का झांसा देकर युवती व महिला को अगवा करने के मामले सामने आए है। पुलिस ने तीन आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार थाना छप्पर क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 13 दिसंबर को सुबह सात बजे उसकी 19 वर्षीय लड़की किसी काम से बाहर गई थी मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उन्हें अपनी लड़की का कुछ भी पता नहीं चला। उन्हें मालूम हुआ कि उसकी लड़की को अंबाला निवासी स्माइल अपने दोस्त नितेश के साथ मिलकर शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है।

उधर, साढ़ौरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 11 दिसंबर को वह किसी काम से घर से बाहर गया था। शाम को जब वह वापस लौटा तो घर पर उसे अपनी 27 वर्षीय पत्नी व तीन वर्षीय लड़का गायब मिले।

### अखंड भारत बनाने में पटेल का था अहम योगदान : कांबोज

**रादौर।** भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सोमवार को रादौर में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। मुख्यातिथि



मास्टर सतपाल ने बताया कि वर्तमान भारत को अखंड भारत बनाने में सरदार पटेल का अहम योगदान था। वल्लभभाई पटेल भारतीय बैरिस्टर राजनेता और भारतीय स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने वाले देश के प्रमुख नेताओं में से एक थे। उन्होंने बताया कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म 21 अक्टूबर 1875 नाडियाड गुजरात में हुआ था। उन्होंने बताया कि सरदार बल्लवभाई पटेल ने भारत की अखंडता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति दे दी थी।

# विद्यार्थियों को कार्यशाला में दिया तकनीकी ज्ञान

■ जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में कार्यशाला का आयोजन

हहरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में सोमवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका आयोजन मैकेनिकल विभाग द्वारा किया गया। कार्यशाला में पिहोवा, कुरुक्षेत्र व यमुनानगर क्षेत्रों से आए हुए विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला का संस्थान के निदेशक डॉ. संजीव गर्ग ने शुभारंभ किया।



यमुनानगर। कस्बा के जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में जानकारी देते विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

संस्थान के निदेशक डॉ. संजीव गर्ग ने कहा कि कार्यशाला के आयोजन करने का मुख्य उदेश्य विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान देना रहा। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण शिविर से समय की मांग है। इससे विद्यार्थियों का सोचने समझने का दायरा बढ़ता है और यह उन्हें रोजगार दिलाने के लिए कारगर माध्यम है। कार्यशाला का संचालन डिंपल कुमार सैनी जोकि डेक्कन सेंटर के संचालक के द्वारा किया गया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कार्यशाला में डाइकिन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के ट्रेनिंग मैनेजर हितेश शर्मा, ब्रांच सर्विस हेड अतुल शर्मा, मैकेनिकल विभाग से नितिन कुमार, वीरेंद्र कुमार, गोविंद, राजपाल, राजेश आदि मौजूद रहे।

## समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का शीघ्र करें निपटान: तरुण

# डीआरओ ने शिविर में सुनीं लोगों की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला सचिवालय में सोमवार को जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर में आई शिकायतों का निपटान किया गया। इस दौरान शिविर में डीआरओ तरुण सहोता ने लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका सममाधान किया।

डीआरओ तरुण सहोता ने बताया कि सोमवार को समाधान शिविर में जो शिकायतें प्राप्त हुई हैं। उनमें मुख्य रुप से अकालगढ़ निवासी सत्तार ने यूरिया की सप्लाई बारे व गांव अकालगढ़ में गैर रूप से गैस एजेंसी खोलने बारे, यमुनानगर निवासी अजय कुमार ने खेती की भूमि के कागज लेने बारे, बाडी माजरा निवासी रम्मा देवी ने पशुपालन के लिए लोन माफ करने बारे आदि कई शिकायतें रखी गई। जिनमें से अधिकांश शिकायतों को मौके पर निपटान कर दिया गया। जबकि शेष को संबंधित अधिकारियों को सौंपकर उनका समाधान करने के निर्देश दिए।



यमुनानगर । जिला सचिवालय में आयोजित जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए डीआरओ तरुण सहोता।

**समाधान का किया जा रहा भरसक प्रयास:** डीआरओ तरुण सहोता ने बताया कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं का मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। डीआरओ तरुण सहोता ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन होगा।

### अधिकारियों को करवाया योग

जिला समस्या समाधान शिविर में आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ. शिव कुमार सैनी द्वारा शिविर में मौजूद सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को 15 मिनट के योग का भी अभ्यास करवाया। डीआरओ तरुण सहोता ने अधिकारियों व कर्मचारियों को बताया कि अपने कार्य के साथ साथ योग करना भी जोड़ लें। ताकि वे स्वस्थ रह सकें और अपने कार्य को कुशलता से कर सकें। इस अवसर पर डीआईओ विनय गुलाटी आदि मौजूद रहे।

मेयर सुमन ने नाले का किया निरीक्षण

# पानी निकासी के लिए करें स्थाई समाधान: बहमनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी की मेयर सुमन बहमनी ने सोमवार को नगर निगम के अधिकारियों के साथ शहर के तेजली खेल परिसर के पीछे कीर्ति नगर में बनाए गए नाले का निरीक्षण किया।

मेयर सुमन बहमनी ने जन स्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन दिनेश गाबा को आसपास के सभी सीवरेज लाइन दुरुस्त करने के निर्देश दिए। मेयर बहमनी ने इस दौरान हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष भारत भूषण जुयाल व जिला खेल अधिकारी शिल्पी गुप्ता के साथ तेजली खेल परिसर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेयर सुमन बहमनी के समक्ष खेल परिसर में जा रहे नाले के पानी की समस्या की विस्तार से जानकारी दी। मेयर बहमनी ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कीर्ति नगर व तेजली खेल परिसर के पास सीवरेज लाइन की मशीन द्वारा सफाई कराने के निर्देश दिए। ताकि सीवरेज ब्लॉक होने से जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। पानी निकासी के समाधान के बारे में निगम अभियंता मृणाल जायसवाल ने बताया कि नगर निगम द्वारा इसके लिए पाइप लाइन डालने का कार्य किया जाएगा। इसका एस्टीमेट तैयार किया जा चुका है। जल्द ही टेंडर अलॉट कर पाइप लाइन डाली जाएगी। इस मौके पर सीएसआई अनिल नैन, एसडीओ सन्नी सिंह, नगर निगम एमई मृणाल जायसवाल, नगर निगम जेई अजय कुमार आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। कीर्ति नगर में अधिकारियों के साथ नाले का निरीक्षण करते हुए मेयर सुमन बहमनी।

## खबर संक्षेप



### जगत गुरु ब्रह्मानंदजी की प्रतिमा का अनावरण

**पिहोवा।** रामलीला भवन में लायंस क्लब रॉयल पिहोवा की ओर से निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया, वहीं गांव कमोदा में जगत गुरु ब्रह्मानंदजी की प्रतिमा का भव्य अनावरण किया गया। दोनों कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने शिरकत की। गांव कमोदा पहुंचने पर ग्रामीणों और लायंस क्लब पिहोवा के सदस्यों ने पंडित जय भगवान शर्मा का फूल-मालाओं व पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत किया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### आयुर्वेदिक चिकित्सकों ने मनाया वार्षिक समारोह

**कुरुक्षेत्र।** आयुर्वेदिक चिकित्सकों ने वर्ष भर की गतिविधियों के व्याख्यान के साथ स्टर्लिंग होटल में वार्षिक पर्व मनाया। नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) के बैनर तले इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल मौजूद रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीमा के अध्यक्ष डॉ राजीव अत्रे कर रहे थे।

### डीसी ने बाल भवन में गतिविधियों का ब्यौरा जाना

**कुरुक्षेत्र।** बाल भवन, कुरुक्षेत्र में विश्राम कुमार मीणा, उपायुक्त एवं अध्यक्ष, जिला बाल कल्याण परिषद् की अध्यक्षता में परिषद् द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों व नई गतिविधियों को शुरू करने बारे समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक लेते हुए विश्राम कुमार मीणा, उपायुक्त, कुरुक्षेत्र द्वारा सबसे पहले बैठक के एजेंडा का अवलोकन किया। उसके बाद परिषद् द्वारा बाल भवन व मिनी बाल भवनों में चलाई जा रही गतिविधियों का विस्तृत ब्योरा जाना।

### स्कूली बच्चों को जर्सियों का किया वितरण



**कुरुक्षेत्र।** गांव मुकरपुर के राजकीय माध्यमिक विद्यालय के बच्चों को डेरा सच्चा सौदा की तरफ से सर्दी के मौसम के चलते जर्सियां व जुराबें भेंट की गई। इस दौरान विद्यालय परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी स्कूली बच्चों को जर्सियां भेंट की गई। जर्सियों पाकर बच्चे खुशी से झूमते नजर आए। विद्यालय की तरफ से शिक्षक राकेश कुमार ने सेवादारों का धन्यवाद किया व कहा कि डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने सभी बच्चों को जर्सियां व जुराबें भेंट की गई हैं। स्कूल के काफी बच्चों के पास जर्सियां नही थे, ऐसे में सेवादारों को उन्होने कहा कि दो दिन के अंदर ही जर्सियां बच्चों को दी है।

## 40 मिनट के शो में मुगलों के जुल्म व साहिबजादों की बहादुरी को दिखाया

# सैंड आफ आर्ट के माध्यम से चार साहिबजादों के हर लम्हें को दर्शाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सिख गुरुओं की पावन धरा कुरुक्षेत्र की सरजमीन पर सैंड आफ आर्ट के माध्यम से श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के 4 साहिबजादों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह, व फतेह सिंह के शहादत के हर लम्हें को अनोखे अंदाज में दिखाया गया। इस 40 मिनट के सेंड ऑफ आर्ट शो में मुगलों के जुल्म और 4 साहिबजादों की वीरगाथा को युवा पीढ़ी के समक्ष रखा गया। इस सैंड आफ आर्ट शो का आयोजन वीर बाल दिवस के उपलक्ष में हरियाणा के कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की तरफ से आयोजित किया गया। हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की तरफ से प्रदेश सरकार के आदेशानुसार राजकीय संस्कृति मॉडल स्कूल के सभागार में वीर बाल दिवस के उपलक्ष में आयोजित सैंड आफ आर्ट शो का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने किया। इस सैंड ऑफ आर्ट शो में एनएसबी के कलाकार ओम प्रकाश ने 10वीं पातशाही श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के 4 साहिबजादों के जन्म, खालसा पंथ की स्थापना के बाद मुगल शासकों, सरहिंद के सूबेदार वजीर खां द्वारा आक्रमण के बाद 20-21 दिसंबर 1704 को मुगल सेना से



कुरुक्षेत्र। सैंड आफ आर्ट शो देखते अतिथिगण व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

युद्ध करने के लिए गुरु गोबिंद सिंह जी ने परिवार सहित श्री आनंदपुर साहिब किले को छोड़ना, सरसा नदी पर जब गुरु गोबिंद सिंह जी के परिवार का बिछड़ने को दिखाया गया। कलाकार ओमप्रकाश ने गंगू ने लालच में आकर तुरंत वजीर खां को गोबिंद सिंह की माता और छोटे साहिबजादों के उसके यहां होने की खबर दे दी जिसके बदले में वजीर खां ने उसे सोने की मोहरें भेंट की, खबर मिलते ही वजीर खां के सैनिक माता गुजरी और 7 वर्ष की आयु के साहिबजादा जोरावर सिंह और 5 वर्ष की आयु के साहिबजादा फतेह सिंह को गिरफ्तार करने गंगू के घर पहुंच गए। उन्हें लाकर ठंडे बुर्ज में रखा गया और उस ठिठुरती ठंड से बचने के लिए कपड़े का एक टुकड़ा तक ना देना, रात भर ठंड में ठिठुरने के बाद सुबह होते ही दोनों साहिबजादों को वजीर खां के सामने पेश किया गया, जहां भरी सभा में उन्हें इस्लाम धर्म कबूल करने को कहा गया, सभा में पहुंचते ही बिना किसी हिचकिचाहट के दोनों साहिबजादों ने जोर से जयकारा लगा जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल,यह देख सब दंग रह गए, वजीर खां की मौजूदगी में कोई ऐसा करने की हिम्मत भी नहीं कर सकता लेकिन गुरु जी की नन्हीं जिंदगियां ऐसा करते समय एक पल के लिए भी ना डरीं के इतिहास को अपनी कला के माध्यम से युवा पीढ़ी के समक्ष रखा।



कुरुक्षेत्र। सैंड आफ आर्ट शो। फोटो : हरिभूमि

### जीवंत हुई साहिबजादों की अमर गाथा

सैंड आफ आर्ट के इस शो में वजीर खां ने दोनों साहिबजादों को काफी डराया, धमकाया और प्यार से भी इस्लाम कबूल करने के लिए राजी करना चाहा, लेकिन दोनों अपने निर्णय पर अटल थे, आखिर में दोनों साहिबजादों को जिंदा दीवारों में चुनवाने का ऐलान किया गया, दोनों साहिबजादों को जब दीवार में चुनना आरंभ किया गया तब उन्होंने जपुजी साहिब का पाठ करना शुरू कर दिया, 27 दिसम्बर सन 1704 को दोनों छोटे साहिबजादे और जोरावर सिंह व फतेह सिंहजी को दीवारों में चुनवा दिया गया। उधर दूसरी ओर साहिबदाजों की शहीदी की खबर सुनकर माता गुजरी जी ने अकाल पुरख को इस शहादत के लिए शुक्रिया किया और अपने प्राण त्याग दिए। इतना ही नहीं चमकौर साहिब के युद्ध में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी साहिबजादे अजीत सिंह व जुझार सिंह ने अतुलनीय वीरता का प्रदर्शन करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए की शहादत को सेंड ऑफ आर्ट में दिखाया गया। इस सैंड आफ आर्ट शो की सभी ने प्रशंसा की है। स्कूल के प्रांगण में दर्जनों बच्चों ने वीर बाल दिवस के उपलक्ष में आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया। इस मौके पर जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह, बीईओ रमेश कुमार, एआईपीआरओ बलराम शर्मा, प्रिंसीपल सुनील कुमार, प्रिंसिपल सुखदेव, हेड मास्टर संजय खरबंदा, हैड मास्टर प्यारे लाल, सचिन, निर्मल, सतबीर आदि उपस्थित थे।

## पिहोवा विधानसभा में विकास कार्यों की सौगात

# 15 लाख की लागत से बनने वाली दो गलियों का नारियल फोड़कर शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

विधानसभा पिहोवा में भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने ग्रामीण एवं शहरी विकास को नई दिशा देने वाले अनेक जनहितकारी कार्यों का शुभारंभ एवं लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने हरियाणा सरकार द्वारा जनकल्याण को केंद्र में रखकर चलाई जा रही विकास योजनाओं की सराहना करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रमों की श्रृंखला में गांव कराह साहिब में लगभग 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाली दो गलियों का नारियल फोड़कर विधिवत शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में पिहोवा के वार्ड नंबर 13 स्थित दीवान कॉलोनी में जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए नए ट्यूबवेल, आधुनिक हेल्थ जिम तथा कई गलियों के निर्माण कार्यों का नारियल फोड़कर व रिबन काटकर लोकार्पण किया गया।

### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि, कराह साहिब के सरपंच साधुराम सैनी, दिलबाग सिह गढ़ी लगरी, रामनाथ सरपंच दीवाना, सुरजीत सिंह सरपंच छोटा स्याना, जीतराम सरपंच धूलगढ़, जगदीप सरपंच मोरथली, दीपक महंत पार्षद, जयपाल कौशिक पार्षद, विकास चोपड़ा पार्षद, विक्की कौशिक, सुखबीर मंडल प्रधान, जस्सी शर्मा महामंत्री भाजपा, वजीर सिह दीवान युवा मोर्चा मंडल प्रधान, हन्नू चक्रपाणि मन की बात प्रमुख,पवन शर्मा डायरेक्टर कॉपरेटिव बैंक ,राकेश पुरोहित सी एम विंडो, उदय धूलगढ़ मौजूद रहे।*

### जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र ने छात्रों को बांटी जर्सियां

**थानेसर।** जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र ने जरूरतमंद छात्रों को जर्सियां बांटी। सर्दी को देखते हुए जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र के पदाधिकारी भिन्न-भिन्न स्थानों पर जाकर आए दिन जरूरतमंद एवं असहाय बच्चों एवं वृद्धों को कंबल, जर्सी व अन्य गर्म कपड़ों का वितरण कर पुण्यात्मक कार्य कर रहे हैं। जनकल्याण मंच कुरुक्षेत्र सामाजिक संस्था के प्रदेशाध्यक्ष दलबीर मलिक ने कहा कि हम अपने जीवन यापन के लिए बहुत कुछ करते हैं परंतु निस्वार्थ भाव से दूसरों के लिए किया गया सहयोग अत्यंत पुण्यदायी होता है। संस्था के महासचिव सरदार बलदेव सिंह सैनी ने कहा कि जो व्यक्ति जरूरतमंद और गरीबों को अपनी नेक कमाई में से दान देता है इसलिए सभी निस्वार्थ भाव से जरूरतमंदों का सहयोग करें।

## सांसद खेल महोत्सव का तीसरा चरण आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- 160 महिला खिलाड़ी बॉक्सिंग रिंग में अपना दमखम दिखाएंगी

खेलों के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने और उनकी प्रतिभा को राष्ट्रीय पहचान दिलाने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में चल रहा सांसद खेल महोत्सव अब लोकसभा स्तर पर अपने तीसरे चरण में प्रवेश करने जा रहा है। इस चरण का शुभारंभ 16 दिसंबर से द्रोणाचार्य स्टेडियम, बॉक्सिंग रिंग, कुरुक्षेत्र में महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं के साथ किया जाएगा। सांसद कार्यालय प्रभारी एवं पूर्व आईएएस अधिकारी धर्मवीर सिंह ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि सांसद खेल महोत्सव के तीसरे चरण में लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से



चयनित होकर आई 160 महिला खिलाड़ी बॉक्सिंग रिंग में अपना दमखम दिखाएंगी। ये खिलाड़ी 10 अलग-अलग वेट कैटेगरी में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिससे प्रतियोगिता और अधिक रोमांचक और चुनौतीपूर्ण होगी। उन्होंने बताया कि इससे पहले ब्लॉक स्तर और विधानसभा स्तर पर हुए मुकाबलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी ही इस लोकसभा स्तरीय चरण तक पहुँचे हैं।

## गोवा में न्यूवन ग्लोबल की राष्ट्रीय बैठक संपन्न

- गोवा में न्यूवन ग्लोबल की तीन दिवसीय राष्ट्रीय मीटिंग संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

न्यूवन ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा देशभर से आमंत्रित 300 से अधिक वरिष्ठ प्रतिनिधियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में तीन दिवसीय राष्ट्रीय मीटिंग का आयोजन डब्लू.एस. रिसोर्ट, गोवा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। डॉ संजय शर्मा न्यूवन सक्रिय सदस्य जोकि इस कार्यक्रम का हिस्सा रहे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बेरोजगारी की चुनौती



पर सकारात्मक संवाद स्थापित करना तथा समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ सदस्यों को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में शामिल सभी सदस्यों के ठहराव, यात्रा एवं अन्य व्यवस्थाओं का व्यय कंपनी द्वारा वहन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यूवन ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर गुरतेज सिंह ने कहा कि संगठन का लक्ष्य केवल व्यावसायिक विस्तार नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को मानसिक, शारीरिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

### संगठन की एकता पर दिया विशेष बल दिया

हरियाणा से वरिष्ठ सदस्य एवं न्यूवन ग्लोबल के को-फाउंडर मेंबर सूरज शर्मा ने अपने ओजस्वी और प्रेरणादायक संबोधन में संगठन की एकता, दूरदृष्टि और दीर्घकालिक लक्ष्य पर विशेष बल दिया। संगठन की असली ताकत उसके लोग हैं, और जब सभी सदस्य एक लक्ष्य, एक सोच और एक दिशा में कार्य करते हैं, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं रहती। उनके विचारों ने उपस्थित सदस्यों में नया उत्साह, विश्वास और संगठन के प्रति और अधिक समर्पण उत्पन्न किया।

## सांसद ने 50 टीबी मरीजों के पोषण की जिम्मेदारी ली

- सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरुक्षेत्र में टीबी उन्मूलन के लिए आयोजित हुआ शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कुरुक्षेत्र में एक प्रभावी स्वास्थ्य पहल को अमल में लाया गया। सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में नवीन जिन्दल फाउंडेशन, रेड क्रॉस और जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से टीबी जांच एवं जागरूकता शिविर का सफल आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक गुरु रविदास



धर्मशाला, वार्ड नंबर-2, थानेसर, कुरुक्षेत्र में आयोजित हुआ । शिविर का उद्देश्य आमजन को तपेदिक जैसी गंभीर बीमारी के प्रति सचेत करना, समय पर जांच उपलब्ध कराना और उपचार की दिशा में मार्गदर्शन देना रहा। शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा जनरल ओपीडी में 125, आरबीएस में 113, एचआईवी में 108 लोगों की जांच की गई। इसके साथ ही यूनिस्पिटल हेल्थकेयर अंबाला की टीम द्वारा छाती के एक्स-रे जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं, जिससे बीमारी की पहचान समय रहते की जा सके। ऐसे 72 लोगों का एक्स-रे भी किया गया।

### स्वास्थ्य की जांच की

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जनरल ओपीडी के माध्यम से लोगों की स्वास्थ्य जांच कर दवाइयां भी वितरित की। नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट ने मौके पर ही 137 मरीजों को परामर्श, परीक्षण और निःशुल्क दवाइयों की सुविधा उपलब्ध कराई। शिविर में आने वाले लोगों के लिए मास्क, दवाइयां, जलपान और अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी व्यवस्था की गई। सांसद नवीन जिन्दल की ओर से निःक्षय मित्र के अंतर्गत कुरुक्षेत्र के 50 टीबी मरीजों को गोद लिया गया।

## 30 करोड़ से बनेगा आधुनिक एसडीएम कॉम्प्लेक्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

- चार मंजिला भवन के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विधानसभा लाडवा के लोगों को उपमंडल के सभी विभागों की सेवाएं एक जगह देने के लिए एसडीएम काम्प्लेक्स का जल्द ही निर्माण करवाया जाएगा। करीब 30 करोड़ में चार मंजिल एसडीएम कॉम्प्लेक्स भवन के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग ने टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इस प्रोजेक्ट को हाई परचेज कमेटी से निर्माण की मंजूरी मिलने के बाद वर्क अलॉट किया जाएगा। एसडीएम कॉम्प्लेक्स का निर्माण पूरा होने के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की लाडवा विधानसभा के नागरिकों को सभी विभागों की सेवाएं एक ही छत के नीचे मिलेंगी। एसडीएम कॉम्प्लेक्स न होने के कारण विभागों के कार्यालय अलग-अलग जगहों पर बने हुए हैं। ऐसे में काम्प्लेक्स बनने से लोगों को चक्कर लगाने से भी राहत मिलेगी।

### नागरिकों को एक ही परिसर में उपलब्ध होगी सेवाएं : कैलाश सैनी

मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार विधानसभा के लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए काम कर रहे हैं। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लिए अनेक परियोजनाओं पर काम चल रहा है। करीब 30 करोड़ रुपये की लागत से एसडीएम काम्प्लेक्स का निर्माण भी इन्हीं में से एक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विधानसभा लाडवा में एसडीएम कॉम्प्लेक्स का जल्द ही निर्माण कार्य शुरू करवाया जाएगा। निर्माण कार्य में अच्छी क्वालिटी की सामग्री प्रयोग में लाई जाएगी।



कैलाश सैनी



कुरुक्षेत्र। धरने पर बैठे कर्मचारी।

### पीजीआईएमएस रोहतक के आंदोलनरत अनुबंधित कर्मियों की मांगों का किया समर्थन

**कुरुक्षेत्र।** मनरेगा मजदूर यूनियन के राज्य प्रधान कामरेड नरेश कुमार एवं महासचिव कामरेड सोमनाथ ने स्थानीय थीम पार्क में धरना दे रहे पीजीआईएमएस रोहतक के अनुबंधित कर्मचारियों से मुलाकात की और उनके आंदोलन को समर्थन दिया। कर्मचारियों ने बताया कि हरियाणा सरकार एवं पीजीआईएमएस रोहतक प्रशासन द्वारा लंबे समय से अनुबंधित कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है तथा उनकी न्यायसंगत मांगों की अनदेखी की जा रही है। कर्मचारियों का कहना है कि वे 2 जून 2025 से निरंतर यह मांग कर रहे हैं कि सभी अनुबंधित कर्मचारियों को सरकार की कौशल रोजगार कर्मचारी नीति में शामिल किया जाए, लेकिन सरकार उनकी मांगों को दबाती आ रही है। कर्मचारियों ने यह भी बताया कि वे इस उम्मीद के साथ मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के कुरुक्षेत्र निवास पहुंचे थे कि उनकी बात सुनी जाएगी, परंतु मुख्यमंत्री ने उनकी मांगों पर विचार करने के बजाय पुलिस की सहायता से दमन कराया और कर्मचारियों को जबरन बसों में भरकर रोहतक भेज दिया। इसके बाद से ये कर्मचारी कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे थीम पार्क में धरने पर बैठे हुए हैं। इस अवसर पर मनरेगा मजदूर यूनियन के राज्य प्रधान कामरेड नरेश कुमार एवं महासचिव कामरेड सोमनाथ ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कर्मचारी-विरोधी रवैये की कड़ी निंदा की।

## कार्यक्रम | किड्स डीपीएस स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

# नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

किड्स डीपीएस स्कूल मोहन नगर का वार्षिकोत्सव रिफ्लेक्शंस 2025 बहुत धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष उत्सव की थीम गुड हैबिट्स रही। उत्सव का आयोजन भरत मुनि रंगशाला, कलाकीर्ति भवन में किया गया। उत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक तथा अनीता कुमारी द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा तिलक लगाकर किया गया। विद्यालय के प्री - नर्सरी से द्वितीय तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। नन्हे कलाकारों ने विभिन्न गुड हैबिट्स को अपने नृत्य द्वारा प्रस्तुत किया जिनमें अवॉइड जंक फूड, मोबाइल एडिक्शन, सेव वाटर, अपने बड़ों का सम्मान शामिल है। विद्यालय के चेयरमैन बीडी गाबा ने उत्सव में उपस्थित मुख्य अतिथि एवं सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। उत्सव की प्रथम प्रस्तुति कक्षा यूकेजी की छात्रा पावनी तथा दिलनाज द्वारा सरस्वती वन्दना के रूप में दी गई। कक्षा प्री नर्सरी के नन्हे कलाकारों ने बम बम भोले तथा वो किसना है गाने पर नृत्य प्रस्तुत करके सबका मन मोह लिया। कक्षा केजी की नन्ही सी छात्रा इनायत ने पंजाबी नृत्य प्रस्तुत किया।




कुरुक्षेत्र। सांस्कृतिक प्रस्तुति देते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### छात्रों ने रेट्रो टू मेट्रो पर नृत्य कर दर्शकों को नाचने पर किया विवश

कक्षा प्रथम की नन्ही छात्रा निहारिका ने हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत कर के हरियाणा की संस्कृति को प्रत्यक्ष किया। कक्षा नर्सरी के छात्रों ने रेट्रो टू मेट्रो पर नृत्य करके सभी दर्शकों को अपने साथ नृत्य करने पर विवश कर दिया। मुख्य अतिथि को चेयरमैन बी.डी. गाबा, प्रबंधक कमेटी के सदस्य संतोष, विकास गाबा, प्रधानाचार्या साक्षी, प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा ने स्मृति चिन्ह भेंट किया तथा उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों को पौधे भेंट किये तथा पृथ्वी संरक्षण का संदेश दिया। प्रधानाचार्या साक्षी गाबा ने मुख्य अतिथि, अन्य गणमान्य व्यक्तियों एवं भारी संख्या में पहुंचे हुए अभिभावकों का धन्यवाद किया। मंच संचालन कर रहे नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा तथा मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा ने दर्शकों को अंत तक जोड़े रखा।

### बच्चे देश का भविष्य : विनोद कौशिक

मुख्य अतिथि विनोद कौशिक ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय उन्नति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ साथ अध्यापकों की भी बहुत सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने अभिभावकों को यह भी विश्वास दिलाया कि उनके बच्चों का भविष्य सही हाथों में है। उत्सव में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रतिभागिता पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय की को ऑर्डिनेटर साक्षी गेरा सहित स्टाफ के सभी सदस्य, नवयुग शिक्षा समिति के उप प्रधान प्रवीण वधवा, डॉ रमणीश गोयल, जय भारती विद्या मंदिर स्कूल की प्रशासक सरला शर्मा, प्रधानाचार्या नेहा शर्मा, जाने माने चार्टर्ड अकाउंटेंट तपिश गोयल, शिक्षाविद् महिपाल आर्य, दीपा शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति, नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल के स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के माता -पिता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी: असीम गोयल



**अंबाला।** भारतीय जनता पार्टी में बूथ स्तर का कार्यकर्ता भी सर्वोच्च पद तक पहुंच सकता है। इस सिद्धांत को एक बार फिर विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी ने साकार कर दिखाया है। भाजपा द्वारा नितिन नबीन को कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किए जाने पर पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने यह बात कही। गोयल ने नितिन नबीन के राजनीतिक सफर का उल्लेख करते कहा कि उनका संघर्ष और समर्पण पार्टी की कार्यकर्ता-प्रधान संस्कृति का सशक्त प्रमाण है। उन्होंने बताया कि नितिन नबीन ने अपनी राजनीति की शुरुआत बूथ स्तर से की और इसके बाद भाजपा युवा मोर्चा में सक्रिय भूमिका निभाई। वे पांच बार विधायक चुने गए, दो बार मंत्री रहे तथा दो अलग-अलग राज्यों में प्रभारी और सह-प्रभारी जैसे महत्वपूर्ण संगठनात्मक दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।

### चूरापोस्त और ट्राला सहित आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना शहजादपुर से नशा तस्करी मामले में सीआईए-1 ने आरोपी बलकार सिंह को 139 किलो 960 ग्राम डोडा चूरापोस्त व ट्राला सहित गिरफ्तार किया है। अब पुलिस ने आरोपी को सात दिन के रिमांड पर लिया है। सीआईए-1 को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। सूचना उपरान्त पुलिस दल ने नाकाबंदी कर आरोपी को काबू किया। ट्रॉला से 139 किलो 960 ग्राम डोडा चूरापोस्त बरामद किया।

### अवैध देसी शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराड़ा क्षेत्र के गांव दादूपुर से पुलिस ने अवैध शराब तस्करी मामले में आरोपी राजबीर को 12 बोतल अवैध देसी शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी शराब की तस्करी का कारोबार करता है। इसी आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को काबू किया। तलाशी लेने पर कब्जे से 12 बोतल शराब जब्त की गई।

### विदेश भेजने का झांसा देकर सवा सात लाख की ठगी

**जींद।** पुलिस ने गांव निम्नाबाद के एक व्यक्ति को विदेश भेजने का झांसा देकर असंध के दो लोगों द्वारा सवा सात लाख रुपये की राशि ठगने पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव अहमदाबाद निवासी अर्शदीप सिंह ने पुलिस को शिकायत दी है।

### नशा तस्कर से 10.8 ग्राम हेरोइन बरामद

**कैथल।** चौकी रामथली पुलिस द्वारा खरकां क्षेत्र से नाकाबंदी दौरान एक नशा तस्कर को काबू कर लिया गया, जिसके कब्जे से 10.8 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चौकी रामथली पुलिस प्रभारी एएसआई संजय कुमार की टीम गश्त दौरान खरकां क्षेत्र में मौजूद थी। सहयोगी सूत्रों से पुलिस को एक गुप्त सूचना मिली की खरकां निवासी गांव मे किरयाणे की दुकान चलाता है।

---

कांग्रेसी सदस्य ने दी चुनौती, 21 जनवरी को होगी सुनवाई

# निगम चुनाव: एडहॉक कमेटी को लेकर डीसी-नगर निगम कमिश्नर को नोटिस

**पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने कमेटी के पांच सदस्यों को भी जारी किया नोटिस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने नगर निगम चुनाव को लेकर गठित एडहॉक कमेटी को लेकर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। कांग्रेस के निगम सदस्य एडवोकेट मिथुन वर्मा की ओर से इस सिलसिले में एक याचिका दायर की गई है। पूरे मामले को लेकर एडवोकेट मिथुन वर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार के द्वारा नगर निगम चुनाव को लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि भाजपा चुनाव चोरी कैसे करती है ये उन्होंने पकड़ लिया है। वर्मा ने बताया कि निगम चुनाव के लिए वार्डबंदी की प्रक्रिया शुरू की गई। इसके लिए पहले एक एडहॉक कमेटी बनाई गई। उस कमेटी में 3 भाजपा के सदस्यों व और 1 भाजपा का जिला अध्यक्ष, 1 भाजपा के हारे हुए विधायक का भाई व भाजपा की मेयर को सदस्य बनाया गया। । ये सब प्रक्रिया चुपचाप हो रही थी। उन्होंने बताया कि जब इसकी जानकारी उन्हें लगी तो वे तुरंत हरकत में आ गए। इसी शिकायत चुनाव आयोग , मुख्य चुनाव आयोग, शहरी स्थानीय निकाय सभी जगह की गई। उन्होंने बताया कि भाजपा उपायुक्त पर दबाव बना कर हरियाणा म्युनिसिपल डेलिमिटेशन एंड रिजर्वेशन ऑफ वॉड्र्स रूल्स 1994 का सीधा सीधा उल्लंघन कर रहे थी। रूल 4(2) के मुताबिक उपरोक्त एडहॉक कमेटी में केवल निगम सदस्य ही सदस्य बन सकते है लेकिन भाजपा का जिला अध्यक्ष और पूर्व विधायक का भाई निगम सदस्य नहीं होते हुए भी एडहॉक कमेटी का सदस्य बना दिए गए। वर्मा ने बताया कि शिकायत के बाद चुनाव आयोग ने उस कमेटी को भंग कर दिया था। जिला अध्यक्ष और पूर्व विधायक के भाई को एडहॉक कमेटी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया।




अंबाला। मीडिया से बातचीत करते एडवोकेट मिथुन वर्मा व अन्य। फोटो: हरिभूमि

#### कांग्रेस के किसी सदस्य को जगह नहीं मिली

वर्मा ने बताया कि इसके बाद चुनाव के लिए गठित नई एडहॉक कमेटी में फिर सभी भाजपा के सदस्य शामिल कर दिए गए जबकि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के किसी सदस्य को इनमें जगह नहीं मिली। जबकि शहर में अपने हिसाब से वार्डबंदी कर वार्डों को एससी-बीसी , महिला, जनरल रिजर्व करने के लिए उस एडहॉक कमेटी की मीटिंग भी तय कर दी गई।

#### भाजपा के पांचों सदस्यों को भी पार्टी बनाया

परिवादी का आरोप है कि भाजपा ने फिर दोबारा से रूल 4 (2) का उल्लंघन किया क्योंकि रूल 4 (2) में साफ साफ लिखा है कि कमेटी में निगम सदस्य होने चाहिए जो अलग अलग दलों से होने चाहिए। इस कमेटी में केवल भाजपा सदस्यों को लेना ओर अन्य दलों के सदस्यों को न लेना रूल 4 (2) का साफ साफ उलंघन है। नई कमेटी में एससी से, जनरल कैटेगरी से और महिला सदस्य को तो ले लिया लेकिन बीसी से किसी भी सदस्यों को कमेटी में शामिल नहीं किया गया। यह भी सामाजिक न्याय व रूल 4 (2) का सीधे तौर पर उलंघन किया है। वर्मा ने बताया कि जब उन्हें इस एडहॉक कमेटी का पता चला तो तुरंत एक रिप्रेजेंटेशन दोबारा चुनाव आयोग हरियाणा, मुख्य चुनाव आयोग शहरी स्थानीय निकाय को भेजा गया। इस बार उनकी शिकायत पर कोई भी संज्ञान नहीं लिया गया। तब पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर करने का निर्णय लिया। इस याचिका में डीसी, नगर निगम कमिश्नर, व कमेटी में शामिल भाजपा के पांचों सदस्यों को भी पार्टी बनाया गया। वर्मा ने बताया कि अब हाईकोर्ट ने उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए डीसी, , निगम कमिश्नर, कमेटी में शामिल निगम सदस्य राजेश मेहता, हितेश जैन, मीना ढींगरा, मोनिका मल, अर्चना छिब्बर को नोटिस जारी किया है। अब याचिका पर 21 जनवरी 2026 को सुनवाई होगी।

---



बराड़ा। कार्यक्रम में उपस्थित स्टूडेंट्स। फोटो: हरिभूमि

# 25 स्कूलों के छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित

- सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा संचालित किया जा रहा है नशा निवारण जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

अंतरराष्ट्रीय संस्था सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा संचालित नशा-निवारण जागरूकता अभियान के अंतर्गत खंड के विभिन्न गांवों थंबड़, होली, अधोया, अधोई, दहिया माजरा, अकालगढ़, तल्हेड़ी, बुडियों सहित आसपास के क्षेत्रों के लगभग 25 विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं प्रभारियों की अध्यक्षता में करीब 4500 विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर लक्ष्य निर्धारित करने तथा शिक्षा को गंभीरता से ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रमों के दौरान सेवा ट्रस्ट यूके के प्रदेशाध्यक्ष पवन पराशर, डॉ. बलवंत सिंह एवं ट्रस्ट के अन्य सदस्यों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा न केवल शरीर को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि मानसिक क्षमता को भी कमजोर कर देता है।

#### आभार जताया

बताया कि नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति का अमूल्य जीवन समय से पहले ही समाप्त हो सकता है। नशा व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर करने के साथ-साथ सामाजिक वातावरण को भी दूषित करता है। इसलिए विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर सकारात्मक सोच के साथ अपने भविष्य का निर्माण करना चाहिए। इस सराहनीय अभियान के लिए ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य प्रवीन शर्मा, मॉडर्न वमावि के प्रधानाचार्य गेमल दहिया, विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य प्रदीप शर्मा, भारती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय की प्रधानाचार्या स्वीटी चौहान, गुरुकुल अधोई के उप-प्रधानाचार्य बलराम सिंह आर्य, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अमित रोहिला सहित सभी विद्यालय प्रभारियों ने सेवा ट्रस्ट यूके के चेयरमैन नरेश मित्तल एवं ट्रस्ट के सभी सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकों एवं शिक्षकों ने साहा में निर्माणाधीन सेवा धाम आश्रम (बहुउद्देशीय सेवा गृह) के कार्य में सहयोग की कामना करते आमजन से भी बढ़-चढ़कर योगदान देने की अपील की।

---

# 120 बच्चों को गर्म जैकेट वितरित

- श्री शिर्डी साईं शक्ति धाम फाउंडेशन ने आयोजित किया कार्यक्रम

**अंबाला।** साईं नाथ महाराज की असीम कृपा और स्वामी श्री सत्यानंद महाराज के पावन आशीर्वाद से श्री शिर्डी सांई शक्ति धाम फाउंडेशन द्वारा सेवा और मानवता की भावना को आगे बढ़ाते इस वर्ष भी शरद ऋतु के आगमन पर जरूरतमंद बच्चों को गर्म जैकेटों का वितरण किया गया। यह पुनीत सेवा कार्य संस्था के विकास पुरी स्थित प्रांगण में श्रद्धा एवं सेवा भाव के साथ संपन्न हुआ। इसमें 120 बच्चों को जैकेटें प्रदान की गईं। उल्लेखनीय है कि यह सेवा कार्य पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी निरंतरता के साथ किया गया जिससे यह स्पष्ट होता है कि सांई सेवा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक सतत संकल्प है। जब स्वामी श्री सत्यानंद जी महाराज की आयु 89 वर्ष हो चुकी है।



अंबाला। बच्चों को जैकेटें बांटते संस्था के पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

#### मानवता की सेवा के मार्ग पर सदैव अग्रसर रखें

संस्था का उद्देश्य केवल भौतिक सहायता तक सीमित नहीं, बल्कि समाज में सेवा, समानता और करुणा की भावना को सशक्त करना है। यह सेवा कार्य साई बाबा की उस शिक्षा का प्रतीक है कि भूखे को भोजन और ठिठुरते को वस्त्र देना ही सच्ची पूजा है साई बाबा जी से प्रार्थना है कि वे स्वामी श्री सत्यानंद जी महाराज को उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर सेवा की शक्ति प्रदान करें तथा हम सभी को मानवता की सेवा के मार्ग पर सदैव अग्रसर रखें।

---

# गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

- प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड़ में खंड स्तरीय राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन विद्यालय की प्रधानाचार्या मनभावनी भल्ला के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में कक्षा छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए गणित प्रदर्शनी तथा कक्षा नौवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की । इन प्रतियोगिताओं में खंड के अंतर्गत आने वाले 12 संकुल केंद्रों के विद्यालयों के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। खंड स्तरीय गणित प्रदर्शनी प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उगाला ने प्रथम स्थान, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बराड़ा ने द्वितीय स्थान तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन में संकुल एवं विद्यालय प्रभारी राजेश कुमार के नेतृत्व में समस्त आयोजन समिति का सराहनीय योगदान रहा। प्रतियोगिताओं के संचालन में अंकुर कुमार, चेष्टा लांबा तथा शिक्षिका रुचिका का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी एवं स्वयंसेवकों ने अनुशासन बनाए रखने तथा जलपान एवं भोजन व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय प्रभारी राजेश कुमार द्वारा विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।



बराड़ा। प्रतियोगिता में भाग लेते हुए स्टूडेंट्स। फोटो: हरिभूमि

#### ये रहे विजेता

गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि बराड़ा, राजकीय वमावि तंदवाल, राजकीय वमावि सरधहेडी, राजकीय उच्च विद्यालय मनूमाजरा तथा राजकीय वमावि मनका-मनकी ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल बराड़ा ने पहला, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उगाला ने दूसरा तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डुलियाना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

---

# विद्यार्थियों ने शानदार प्रस्तुतियों से लूटी वाहवाही

- पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 में वार्षिक उत्सव में छात्रों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

छावनी स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 में सोमवार को वार्षिक उत्सव के साथ-साथ केंद्रीय विद्यालय संगठन का स्थापना दिवस अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रांगण विद्यार्थियों, अभिभावकों, पूर्व शिक्षकों एवं पूर्व छात्रों की उपस्थिति से खचाखच भरा रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के पूर्व छात्र शरदचंद्र गुप्ता रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय की वरिष्ठ एवं सेवानिवृत्त विज्ञान शिक्षिका सतवंती ग्रोवर उपस्थित रहीं। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 1 के प्राचार्य अजीत यादव, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 3 के प्राचार्य अमित अरोड़ा तथा केंद्रीय स्कूल नंबर 4 के प्राचार्य अमन गुप्ता एवं अंबाला सिविल अस्पताल से पधारे वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जोगिंदर सिंह कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।




अंबाला। वार्षिक उत्सव में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र। फोटो: हरिभूमि

#### उज्ज्वल भविष्य की कामना की

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शैक्षणिक, सह-शैक्षणिक एवं खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण भी किया गया। अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए, जिससे उनका उत्साह और आत्मविश्वास और अधिक बढ़ा। समारोह का समापन मनीष सेमवाल उपप्राचार्य के धन्यवाद ज्ञापन द्वारा हुआ। विद्यालय परिवार ने केंद्रीय विद्यालय संगठन के स्थापना दिवस के अवसर पर संगठन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

#### अभिभावकों ने भरपूर सराहा

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य हरिंद्र सिंह लांबा द्वारा अतिथियों के स्वागत एवं स्वागत भाषण से हुआ। अपने संबोधन में उन्होंने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, उपस्थित अभिभावकों तथा सभी आगंतुकों का हार्दिक अभिनंदन किया तथा केन्द्रीय विद्यालय संगठन की गौरवशाली परंपरा एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रमों में समूह नृत्य, गिद्धा, हरियाणवी लोकनृत्य, उत्तराखंडी लोकनृत्य, हरियाणवी इंस्ट्रूमेंटल आर्केस्ट्रा सहित अनेक आकर्षक प्रस्तुतियां शामिल रहीं। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने भारतीय लोक-संस्कृति की विविधता को सुंदर रूप में मंच पर साकार किया, जिसे उपस्थित दर्शकों एवं अभिभावकों ने भरपूर सराहा।

---

# बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन

- ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के खिलाफ बिजली कर्मचारी गरजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

केंद्रीय परिषद संबंधित एचइसईबी वर्कर्स यूनियन द्वारा एसीएस पॉवर बिजली विभाग को दिए गए नोटिस के अनुसार ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में सब यूनिट में दूसरे दिन भी दो घंटे का सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान बलिंद्र ने की। सांकेतिक विरोध प्रदर्शन में सभी बिजली कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कर्मचारियों ने कहा कि व्यवहारिक नही है क्योंकि अगर पॉलिसी को यूनियन द्वारा बताए सुझावों के बिना लागू किया जाता है तो दुर्घटनाएं बढ़ जाएंगी।



शहजादपुर। प्रदर्शन करते बिजली निगम के कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

#### मजबूरी में संघर्ष का रास्ता अपनाने को मजबूर

कर्मचारियों ने कहा कि यही कारण है कि यूनियन को मजबूरी में संघर्ष का रास्ता अपनाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते इस ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को रद्द नहीं किया जाता है तो केंद्रीय परिषद के आह्वान पर यह प्रदर्शन दो घंटे की बजाए पूरा दिन भी करना पड़ा तो कोई भी कर्मचारी पीछे नही हटेगा और अगर इस दौरान किसी भी तरह की अशांति फैलती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी निगम प्रशासन और सरकार की होगी।

---

समय-समय पर चलाए जा रहे अभियान की सराहना की

# पुलिस के जवानों ने आश्रम में वृद्धों को बांटा जरुरत का सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

पुलिस ने गांव बहलोली में स्थित आचार्य श्री विद्यासागर मोक्ष वृद्धाआश्रम में 44 वृद्ध महिला व पुरूषों को खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाई । ऑप्रेशन हॉटस्पाट डोमिनेशन के तहत पुलिस चौकी पटवी प्रभारी एसआई भंवर सिंह व पुलिस टीम ने गांव बहलोली में स्थित आचार्य श्री विद्यासागर मोक्ष वृद्धाआश्रम-महिला आश्रम में 44 वृद्ध महिला/पुरूषों को खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाई। पुलिस ने मानवीय संवेदनाओं का उदाहरण देते हुए जरूरतमंदों वृद्ध महिला व पुरूषों की मदद के लिए आगे कदम बढ़ाया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस का कार्य केवल कानून एवं व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं बल्कि समाज के कमजोर वर्गो की पीड़ा को समझते उनकी हर संभव सहायता करना भी है। ऐसे में पुलिस द्वारा समय समय पर चलाए जा रहे इस तरह के सेवा अभियान उन तक राहत पहुचांने का एक सराहनीय प्रयास है। जरूरतमंदों ने पुलिस इस पहल की सराहना करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया।




शहजादपुर। वृद्धाआश्रम में लोगों को सामग्री बांटती पुलिस। फोटो: हरिभूमि

#### आभार व्यक्त किया

पुलिस ने वृद्धाआश्रम-महिला आश्रम में टूथब्रश, टूथपेस्ट, नहाने का साबुन, कपड़ा धोने का साबुन, डाबर आंवला तेल, नारियल तेल, शैंपू, नमकीन, बिस्किट, रस, धूपबत्ती, नेपकिन, मूंगफली, चाय व पानी के डिस्पोजल गिलास, आचार, उजाला व अन्य खाद्य सामग्री। वृद्धाआश्रम-महिला आश्रम में पुरूषों और महिलाओं ने पुलिस विभाग का उनकी इस मदद का दिल से आभार प्रकट किया।

---

प्रदेश में युवाओं के लिए विमानन प्रशिक्षण अवसंरचना विकसित करने पर दिया जोर

नागरिक उड्डयन मंत्री से राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने की मुलाकात

# डोमेस्टिक एयरपोर्ट से जल्द उड़ान प्रारंभ करने का किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू से मुलाकात कर सिविल एन्क्लेव एयरपोर्ट के शीघ्र संचालन और विमानन प्रशिक्षण अवसंरचना के विकास का विषय प्रमुखता से उठाया। चर्चा के दौरान कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि देश के सबसे पुराने हवाई अड्डों में से एक होने के बावजूद अंबाला में अब तक आरसीएस-उड़ान योजना के तहत व्यवसायिक उड़ान सेवाएं शुरू नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में स्वीकृत यह परियोजना कई महत्वपूर्ण चरण पूरे कर चुकी है। इसमें रक्षा मंत्रालय द्वारा रूपए 133 करोड़ मूल्य की भूमि का हस्तांतरण और अक्तूबर 2023 में प्रदेश सरकार द्वारा शिलान्यास शामिल है। सांसद ने जोर दिया कि अंबाला एयरपोर्ट के संचालन से अंबाला, पंचकूला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, करनाल सहित आसपास के जिलों को सीधा लाभ मिलेगा। इसके साथ ही यह हवाई अड्डा प्रतिकूल मौसम की स्थिति में चंडीगढ़ एयरपोर्ट के लिए एक महत्वपूर्ण वैकल्पिक केंद्र के रूप में भी कार्य करेगा। क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के साथ-साथ कार्तिकेय शर्मा ने प्रदेश के युवाओं के लिए विमानन कौशल और पायलट प्रशिक्षण के अवसर बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कालका-पिंजौर क्षेत्र में पायलट प्रशिक्षण और फ्लाइंग स्कूल हब विकसित करने तथा हरियाणा इंस्टीट्यूट ऑफ सिविल एविएशन के विस्तार का प्रस्ताव रखा।



अंबाला। नागरिक उड्डयन मंत्री से मुलाकात करते राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा। फोटो: हरिभूमि

#### विचार करने का आश्वासन दिया

नागरिक उड्डयन मंत्री ने उठाए गए विषयों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते अंबाला एयरपोर्ट परियोजना की स्थिति और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तृत जानकारी दी। मंत्री ने क्षेत्रीय हवाई अड्डों के महत्व को स्वीकार करते हुए पिंजौर क्षेत्र में पायलट प्रशिक्षण और फ्लाइंग स्कूल से जुड़ी प्रस्तावनाओं पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया। मंत्री की प्रतिक्रिया का स्वागत करते हुए कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि इस तरह की सार्थक और केंद्रित चर्चाएं लंबे समय से लंबित परियोजनाओं को धरातल पर उतारने में सहायक होती हैं। उन्होंने अंबाला और आसपास के क्षेत्रों के समग्र विकास, रोजगार सृजन और अवसंरचना सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। नागरिक उड्डयन मंत्री ने उठाए गए विषयों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए अंबाला एयरपोर्ट परियोजना की स्थिति और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तृत जानकारी दी। मंत्री ने क्षेत्रीय हवाई अड्डों के महत्व को स्वीकार करते हुए पिंजौर क्षेत्र में पायलट प्रशिक्षण और फ्लाइंग स्कूल से जुड़ी प्रस्तावनाओं पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया।